चमन लाल महाविद्यालय

(अशासकीय सहायता प्राप्त संस्था)

लंढौरा जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

(श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी-गढ़वाल से सम्बद्ध)

विवरणिका

Prospectus

Mob. : 7456099119, 9719757846, 7017590322

E-mail : cldegree21@gmail.com

Website : www.cldcollege.com

हमारे प्रेरणा पुँज

कीर्तिशेष पंडित चमन लाल शर्मा

महाविद्यालय की गतिविधियां

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष में भाषण प्रतियोगिता

Prospectus

CHAMAN LAL MAHAVIDYALYA

Landhaura Distt. Haridwar (Uttarakhand) - 247664
(Affiliated to Shri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidyalya, Badshaithol, Tehri - Garhwal)
Mob. : 7456099119, 9719757846, 7017590322
E-mail : cldegree21@gmail.com, Website : www.cldcollege.com

Priti Printing Press#9837488581

विवरणिका

2023-2024

CHAMAN LAL MAHAVIDYALAYA
Landhaura, Haridwar (UK)
तमसो मा ज्योतिर्गमय

चमन लाल महाविद्यालय

लंढौरा, जनपद हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

सम्बद्ध – श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाही थौल, टिहरी (गढ़वाल) उत्तराखण्ड – 249149
एवं उत्तराखण्ड संस्कृत महाविद्यालय, हरिद्वार

पंडित ईश्वर चन्द शर्मा (महाविद्यालय के संस्थापक)

श्री अरुण कुमार हरित

(सचिव, प्रबन्ध समिति)

श्री अतुल हरित

(कोषाध्यक्ष, प्रबन्ध समिति)

राम कुमार शर्मा
(अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति)

किसी समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। सही शिक्षा एवं सच्चे संस्कार ही युवाओं को अपने राष्ट्र एवं समाज के लिए दृढ़ता से खड़ा होने का बल प्रदान करती है। शिक्षा प्राप्त किए बिना कोई व्यक्ति अपनी परम ऊँचाइयों को नहीं छू सकता। शिक्षा का सीधा संबंध मनुष्य के मस्तिष्क एवं आत्मा दोनों से है। अर्थात् शिक्षा हमारे वर्तमान और भविष्य दोनों के साथ जुड़ी हैं। इस विचार को आत्मसात करते हुए विद्यार्थियों के चारित्रिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास पर बल देता है। महाविद्यालय का उद्देश्य एवं सतत् प्रयास है कि हम ऐसे चरित्रवान नागरिक तैयार करें, जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपने दायित्व का निर्वहन कर राष्ट्र की उन्नति में सहायक हो सकें।

ग्रामीण परिवेश में स्थापित यह महाविद्यालय युवाओं का चतुर्दिक विकास करेगा, इस आशा के साथ सभी अभिभावकों एवं छात्र–छात्राओं से राष्ट्र निर्माण के इस यज्ञ में सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। हम सभी कीर्तिशेष पं. चमन लाल शर्मा जी के जीवन–आदर्शों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इस अखण्ड यात्रा के सभी सहयोगी शुभचिन्तकों, प्रबंध समिति के समस्त पदाधिकारी गण, प्राचार्य, शिक्षकवृंद एवं कर्मचारी सुदूर लक्ष्यों के लिए कार्य करेंगे, ऐसी कामना है।

नवागत प्रवेशार्थियों के लिए शुभकामनाओं सहित।

महाविद्यालय प्रबन्ध समिति

श्री राम कुमार शर्मा	अध्यक्ष
पं० ईश्वर चन्द शर्मा	उपाध्यक्ष
श्री अरुण कुमार हरित	सचिव
श्रीमती अर्चना शर्मा	उप सचिव
श्री अतुल हरित	कोषाध्यक्ष
	-
डॉ. विमल कान्त	शिक्षक प्रतिनिधि, सदस्य
डॉ. संजीव कुमार	शिक्षक प्रतिनिधि, सदस्य
श्री दीपक चौधरी	गैर शिक्षक प्रतिनिधि, सदस्य

संक्षिप्त परिचय

समाज के हित में सर्वस्व अर्पण करने की प्रेरणा से भगवानपुर चन्दनपुर निवासी पं. ईश्वर चन्द्र शर्मा जी ने लण्ढौरा क्षेत्र के ग्रामीण आंचल में रहने वाले छात्र –छात्राओं की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए चमन लाल एजुकेशनल ट्रस्ट की स्थापना की। श्री राम कुमार शर्मा जी ने शिक्षा की असाधारण महत्ता को पहचान कर चमन लाल महाविद्यालय लण्ढौरा (हरिद्वार) के रूप में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित महाविद्यालय की स्थापना कर इस क्षेत्र की जनता के लिये उच्च शिक्षा के दरवाजे खोल दिये। इसी क्रम में महाविद्यालय ने सत्र 2022–23 में नैक मूल्यांकन में B^+ ग्रेड प्राप्त किया है।

चमन लाल महाविद्यालय लण्ढौरा (हरिद्वार) श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाही थौल, टिहरी गढवाल, उत्तराखण्ड एवं उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार से सम्बद्धता प्राप्त है एवं विश्वविद्यालय सम्बद्धता क्रम में प्रथम है। महाविद्यालय में बी.ए.,हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति– विज्ञान, इतिहास, चित्रकला, गृह विज्ञान, भूगोल तथा बी.एससी. (गृह विज्ञान) बी.एससी. भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, सूक्ष्मजीव विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, बी.कॉम. (सी.एफ.ए/नॉन.सी.एफ.ए.) बी.एससी. (कृषि), बी.कॉम. (ऑनर्स), बी.लिब. एवं लगभग 20 विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाएं श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड बादशाही थौल द्वारा सम्बद्ध एवं संचालित हैं तथा एम.ए. (पत्रकारिता), पी.जी. डिप्लोमा (योग) की कक्षाएं उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार से सम्बद्ध एवं संचालित की जा रही हैं। छात्रों के व्यक्तित्व विकास को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण सत्र शिक्षण के साथ–साथ संगोष्ठी, परियोजना कार्य, क्षेत्र आधारित गतिविधियां, विशिष्ट व्याख्यान, स्मृति व्याख्यान एवं कार्यशालाएँ नियमित रूप से आयोजित किये जाते हैं।

आइये, सफलता में भागीदार बनें

पहला प्रश्न यही है कि हम कैसा समाज बनाना चाहते हैं और इस समाज के निर्माण की प्रक्रिया क्या होगी। इस प्रश्न का आसान उत्तर ये है कि समग्र, समावेशी और मूल्यों से परिपूरित शिक्षा से यही अच्छा समाज बनेगा और इसके निर्माण की प्रक्रिया को शिक्षा ही अपने कंधों पर लेकर चलेगी।

शिक्षा केवल सूचनाओं का संग्रहण नहीं है। शिक्षा साक्षरता का पर्याय मात्र भी नहीं, शिक्षा केवल उपाधियों–पदवियों का विवरण अथवा एकीकरण नहीं, अपितु वह कर्म कुशलता और कार्य क्षमता में वृद्धि का पर्याय है, वह करणीय–अकरणीय का बोध है, चरित्र बल का सोपान है तथा जीवन जीने की कला का ज्ञान है।

सतत् परिवर्तनशील समय में शिक्षा प्राप्ति के साधनों एवं प्रक्रियाओं में व्यापक परिवर्तन आए हैं। विगत दो वर्षों में कोरोना महामारी के प्रभाव ने शिक्षा प्राप्ति की प्रक्रिया, व्यवस्था और साधनों में अमूल–चूल परिवर्तन किया है। इस तबाही में पूर्ववर्ती मंथरगति परिवर्तन को अत्यधिक तीव्रता के साथ परिवर्तित किया। उल्लेखनीय है कि पं. ईश्वर चंद शर्मा और उनके सुपुत्र–द्वय श्री राम कुमार शर्मा एवं श्री अरुण हरित के सत्प्रयासों से चमन लाल महाविद्यालय की स्थापना हुई। विगत वर्षो में महाविद्यालय ने संख्यात्मक एवं गुणात्मक, दोनों दृष्टियों से उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। यह गौरव का विषय है कि इस वर्ष महाविद्यालय के तीन छात्रों ने UGC-NET में सफलता प्राप्त की और तीन छात्र–छात्राएँ यूनिवर्सिटी टॉपर बने।

उत्कृष्ट पढ़ाई, उत्कृष्ट परिणाम और समग्र व्यक्तित्व निर्माण के लक्ष्य के साथ महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और सहयोगी स्टाफ निरंतर प्रयासरत है। हम सभी शिक्षा के माध्यम से जीवन निर्माण के इस अभियान में छात्र–छात्राओं और उनके अभिभावकों की सहभागिता का आह्वान करते हैं कि इस सतत् यात्रा का हिस्सा बनिये।

"भवतु सब्ब मंगलम्।"

डॉ. दीपा अग्रवाल

कार्यवाहक प्राचार्या

Vision

गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं का सर्वांगीण विकास करना तथा उच्च शिक्षा के प्रमुख संस्थान (केन्द्र) के रूप में विकसित होना।

Mission

- छात्र–छात्राओं के बौद्धिक, शारीरिक एवं नैतिक विकास हेतु बाधा रहित समग्र शैक्षिक माहौल का निर्माण करना।
- राष्ट्र के सामाजिक–सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप शिक्षण–प्रशिक्षण के नियोजित करना/उक्त के अनुरूप शैक्षिक एवं शिक्षण सत्र गतिविधियों को बढ़ावा देना।
- कैरियर उन्मुख कार्यक्रमों और आयोजनों के माध्यम से लड़कियों की दक्षता और भविष्यपरक कौशलों में सुधार करके उन्हें सशक्त बनाना।
- तीव्र प्रौद्योगिकी/तकनीकी विकास के दृष्टिगत ई–लर्निंग को बढ़ावा देते हुए तत्सम्बंधी में अवसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास करना।
- विषयों के दार्शनिक–सैद्धान्तिक पक्ष के साथ व्यावसायिक एवं जीवन प्रयत्न कौशलों की प्राप्ति हेतु परिस्थितियों का निर्माण करना।
- लैंगिक समानता, धार्मिक–सांस्कृतिक एकीकरण, विविधता के संवर्धन के दृष्टिगत सभी वर्गों के छात्र–छात्राओं को आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना।

महाविद्यालय का गौरव

1.	विपिन कुमार	2016–17	B.Sc.
2.	तकसीर जहरा	2017–19	B.Com. (वि.वि. से गोल्ड मैडल प्राप्त)
3.	शहराज बानो	2016–17	Gold Medalist (SDSLI)
4.	आरूषी	2019	NET (Yoga)
5.	निशा राठी	2021	GATE (Chemistry)
6.	विशाखा चौधरी	2021	Animal Husbandary
7.	विजय प्रकाश	2021–22	NET (Geography)
8.	शिवांक शर्मा	2020–21	UGC-NET (History)
9.	शिव अवतार कुलदीप	2019–22	Gold Medalist (M. Lib.)
10.	गरिमा पंत	2020–21	Gold Medalist (M. Lib.)
11.	सलोनी	2019–20	Gold Medalist (M.A. Hindi)
12.	धर्मवीर शर्मा	2020–21	NET/JRF (Yoga)
13.	अंकित कुमार	2022–23	GATE (Botany)
14.	मौ. साकिब	2020–21	JAM

वार्षिक कैलेंडर सत्र 2023-24

विवरणिका एवं आवेदन पत्र वितरण प्रारम्भ की तिथि – 01 जून, 2023

विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश

- **आवेदन पत्र एवं प्रवेश शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि :**
- प्रथम सेमेस्टर (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) — 16 अगस्त, 2023
- अन्य विषय एवं सम सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षा पद्धति पर आधारित पाठ्यक्रम — अर्हता परीक्षा अंक पत्र निर्गत होने की तिथि से 15 दिन तक।
- **शिक्षण कार्य आरम्भ की तिथि :**
- प्रथम सेमेस्टर (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) — 17 अगस्त, 2023
- अन्य विषय एवं सम सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षा पद्धति पर आधारित पाठ्यक्रम — 1 सितम्बर 2023

सम सेमेस्टर (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) — 21 जनवरी, 2024

आंतरिक परीक्षाएं :

विषम सेमेस्टर (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) — 6 नवम्बर-11 नवम्बर 2023

सम सेमेस्टर (स्नातक एवं स्नातकोत्तर) — 15 अक्टूबर-20 अक्टूबर 2024

गणित सप्ताह–वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताएं — 24 फरवरी, 2024

वार्षिक सांस्कृतिक समारोह एवं पुरस्कार वितरण — 26 फरवरी,– 02 मार्च, 2024

पुरातन छात्र सम्मेलन — मार्च, 2024

एन०एस०एस० वार्षिक शिविर — मार्च, 2024

महत्वपूर्ण दिवस :–

स्वतन्त्रता दिवस	15 अगस्त 2023
महाविद्यालय स्थापना दिवस	01 सितम्बर 2023
गाँधी जयंती	02 अक्टूबर 2023
राज्य स्थापना दिवस	09 नवम्बर 2023
गणतन्त्र दिवस	26 जनवरी 2024

मुख्य अवकाश :–

दशहरा अवकाश	23 अक्टूबर –25 अक्टूबर, 2023
दीपावली अवकाश	13 नवम्बर – 18 नवम्बर, 2023
शीतकालीन अवकाश	01 जनवरी – 20 जनवरी, 2024
होली अवकाश	25 मार्च – 27 मार्च, 2024
ग्रीष्मकालीन अवकाश	01 जून – 30 जून, 2024

नोटः उपरोक्त सभी तिथियाँ विश्वविद्यालय द्वारा घोषित तिथियों के अधीन परिवर्तनीय होंगी।

आचार-संहिता

छात्रों द्वारा व्यक्तिगत रूप से अथवा दो या अधिक छात्रों अथवा समूह में कृत निम्नलिखित गतिविधियाँ अनुशासनहीनता एवं दुर्व्यवहार समझा जायेगा।

1. परिसर में किसी शिक्षक, कर्मचारी, छात्र आगन्तुक पर शारीरिक प्रहार, शारीरिक बल प्रयोग की धमकी या अन्य धमकाने वाला व्यवहार।
2. किसी भी रूप में शिक्षण एवं अन्य शैक्षिक कार्यों, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं एवं अन्य सुविधाओं के कार्यकलापों, प्रवेश एवं परीक्षा प्रक्रियाओं तथा प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार से बाधा पहुँचाना।
3. उत्तरदायी अधिकारी की अनुमति के बिना महाविद्यालय परिसर में ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग।
4. महाविद्यालय द्वारा अपने परिसर में या अन्य आयोजित किसी शैक्षिक परिभ्रमण अथवा शिक्षण, शिक्षणोत्तर अथवा साहित्यिक, सांस्कृतिक अथवा अन्य समकक्ष कार्यक्रम में अनुचित व्यवहार।
5. उपखण्ड चार में उल्लिखित किसी कार्यक्रम के रैफरियों, एम्पायरों या निर्णायकों के निर्णय का अनुपालन न करना अथवा विरोध करना।
6. महाविद्यालय की व्यवस्था के किसी व्यक्ति की छवि को धूमिल करने वाले कृत्य व वक्तव्य अथवा किसी साहित्य या दस्तावेज जिनमें पत्रावलियां, पैम्फलेट, पोस्टर, प्रेस अधिसूचनाएं आदि सम्मिलित हैं का प्रदर्शन एवं वितरण।
7. आपत्तिजनक वस्तुओं एवं पदार्थों का रखना एवं वितरण करना।
8. ऐसा कोई कृत्य जो व्यक्तियों अथवा व्यक्तियों के समूह के मध्य मनमुटाव अथवा धार्मिक, सामाजिक, क्षेत्रीय अथवा भाषीय आधार पर असहिष्णुता उत्पन्न करता हो अथवा उसका कारण बन सकता हो।
9. कोई कृत्य जो महाविद्यालय के परिनियमों, अध्यादेशों अथवा उपनियमों अथवा उनके अधीन बनाये गये नियमों की अवहेलना करता हो।
10. किसी शस्त्र के रखने प्रदर्शन करने अथवा उससे धमकाने।
11. कोई कृत्य जो अन्य व्यक्तियों की स्वतंत्रता को प्रभावित करता हो अथवा अन्य व्यक्तियों की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाता हो अथवा शारीरिक हिंसा करता हो अथवा अभद्र भाषा प्रयोग हो।
12. नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1976 की अवहेलना।
13. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों से संबंधित छात्रों की प्रतिष्ठा अथवा सम्मान की कोई अवहेलना।
14. महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार अथवा यौन उत्पीड़न सम्बंधी कोई मौखिक अथवा अन्य कृत्य या व्यवहार।
15. किसी भी रूप में रिश्वत देने का कोई प्रयास अथवा अन्य कोई भ्रष्ट आचरण।
16. कोई ऐसा कृत्य जो महाविद्यालय व्यवस्था के किसी संस्थान अथवा उसकी इकाई की सम्पत्ति को कोई क्षति पहुंचाता हो अथवा उसे नष्ट करता हो अथवा उसके मूल रूप को भ्रष्ट करता हो।
17. अनधिकृत रूप से पैसा एकत्र करना।
18. मदिरा अथवा अन्य मादक द्रव्य रखने, वितरित करने अथवा सेवन करने या सेवन करने के उपरान्त महाविद्यालय में प्रविष्ट होना।
19. नैतिक अधमता सदृश्य कोई कृत्य।
20. कोई अन्य कृत्य जो महाविद्यालय अथवा महाविद्यालय व्यवस्था के किसी इकाई के अधिकारियों अथवा कार्य करने के अभिमत में एक छात्र के रूप में अनुचित हो।
21. रैगिंग करने संबंधी अथवा उसमें लिप्त होने संबंधी कोई कृत्य।

आवश्यक निर्देश

प्रवेशार्थी प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र भरने से पूर्व महाविद्यालय विवरणिका में दिये गए सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा उनका अनुपालन करें।

1. महाविद्यालय में महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। कोई भी महिला कार्मिक अथवा छात्रा किसी भी अभद्र व्यवहार के मामले में प्रकोष्ठ से सहायता प्राप्त कर सकती है। यदि शिकायतकर्ता चाहे तो उसकी पहचान गोपनीय रखी जायेगी।
2. महाविद्यालय में एण्टी रैगिंग कमेटी का गठन किया गया है, यदि कोई रैगिंग करता पकड़ा गया तो उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।
3. महाविद्यालय परिसर में अस्त्र–शस्त्र लाना प्रतिबंधित है। यह कानूनी अपराध भी है।
4. शासन एवं विश्वविद्यालय के नियमानुसार किसी भी छात्र/छात्रा की कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में छात्र/छात्रा को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र/छात्रा का होगा।
5. विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्राचार्य द्वारा प्रवेश समिति अथवा अनुशासन समिति की संस्तुति पर किसी छात्र/छात्रा का प्रवेश बिना कारण बताये निरस्त कर सकते है या प्रवेश देने हेतु मना कर सकते है।
6. कोई भी छात्र/छात्रा महाविद्यालय में किसी भी कार्य के लिए क्यों न आया हो, महाविद्यालय वेशभूषा में आना अनिवार्य है।
7. महाविद्यालय की किसी भी सामग्री जैसे पुस्तक, प्रयोगशाला की सामग्री, कम्प्यूटर, फर्नीचर आदि को हानि पहुंचाने पर अर्थदण्ड सम्भव है। कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।
8. महाविद्यालय में किसी भी प्रकार का धूम्रपान एवं पान मसाला निषेध है इनका सेवन करते पाये जाने पर अर्थदण्ड वसूला जा सकता है संबंधित के विरूद्ध निष्कासन की कार्रवाई भी संभव है।
9. महाविद्यालय में अपने वाहन निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें अन्यथा की स्थिति में वाहन की सुरक्षा महाविद्यालय की नहीं होगी।
10. परीक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के समय तात्कालिक नियम बनाये जाते है, उनका अनुपालन अनिवार्य है।
11. कोई भी छात्र/छात्रा किसी दूसरे छात्र/छात्रा पर धर्म जाति संबंधी टीका टिप्पणी न करें। ऐसा करना कानूनी अपराध हो सकता है।
12. सभी छात्र–छात्राएं महाविद्यालय से प्राप्त परिचय पत्र अपने साथ रखें। यह कभी भी मांगा जा सकता है।
13. पुस्तकालय से पुस्तक प्राप्त करने हेतु छात्र–छात्राओं के लिए अलग अलग दिन निर्धारित किये गये है। निर्धारित दिन में अपनी पुस्तकें निर्गत आगत करवायें। पुस्तकें निर्धारित अवधि में जमा कराया जाना अनिवार्य है।
14. छात्र–छात्राएँ अपनी कक्षा समाप्त हो जाने के उपरान्त इधर–उधर न घूमें।

15. छात्राओं के लिए भवन की पूर्वी सीढ़ियों एवं छात्रों के लिए पश्चिमी सीढ़ियों को निर्धारित किया गया है। निर्धारित सीढ़ियों का ही प्रयोग किया जाये।

16. प्रबंध समिति एवं प्राचार्य कक्ष में प्रवेश करते समय अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लें।

17. शिक्षकों एवं कार्मिको के प्रति छात्र–छात्राओं का व्यवहार सम्मानजनक होना चाहिए। अभद्र व्यवहार की स्थिति में तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

18. किसी भी प्रकार का धन जो आपने महाविद्यालय में जमा किया है, उसकी रसीद तुरन्त अवश्य प्राप्त कर लें।

19. महाविद्यालय में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः वर्जित है।

20. निर्धारित कार्मिक के अलावा किसी भी व्यक्ति को शुल्क आदि न दें। महाविद्यालय की ओर से शुल्क आदि प्राप्त करने के लिए किसी बाहरी व्यक्ति को अधिकृत नहीं किया गया है।

21. किसी भी प्रकार का प्रार्थना पत्र लेकर सीधे प्रबंध समिति/प्राचार्य कक्ष में प्रवेश न करें। संबंधित शिक्षक/कार्यालय के माध्यम से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जाए।

22. सभी छात्र एवं पुरूष कार्मिक छात्राओं एवं महिला कार्मिकों के साथ व्यवहार में मर्यादा का पालन करेंगे। अमर्यादित व्यवहार स्वीकार्य नहीं होगा।

23. प्रवेश के समय दिया गया शुल्क प्रवेश स्वैच्छिक निरस्त कराने या महाविद्यालय द्वारा किसी कारण से निरस्त करने के बाद वापिस नहीं होगा।

24. प्रवेश की तिथि से 30 दिन पश्चात शुल्क वापसी के किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

अभिभावकों के लिए

यदि आपका पुत्र/पुत्री किसी शारीरिक अथवा मानसिक बीमारी से पीड़ित है तो महाविद्यालय में प्रवेश के समय संबंधित जानकारी अवश्य उपलब्ध कराएं ताकि किसी आकस्मिक/गंभीर स्थिति में चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सके।

एण्टी रैगिंग

महाविद्यालय ने रैगिंग की समस्या के नियन्त्रण हेतु मा. सुप्रीम कोर्ट एवं यू. जी. सी. के नियमों को सख्ती से लागू किया गया है। रैगिंग में पकड़े जाने पर निम्नलिखित कार्यवाही की जा सकती है –

1. प्रवेश निरस्त किया जाना।
2. कक्षा से निलम्बन।
3. छात्रवृत्ति तथा अन्य लाभ रोके रखना अथवा निरस्त करना।
4. किसी भी परीक्षा अथवा मूल्यांकन प्रक्रिया से वंचित करना।
5. किसी भी क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संस्था अथवा युवा महोत्सव संस्था का प्रतिनिधित्व करने से रोकना।
6. संस्थान से निष्कासन एवं तदोपरान्त अन्य किसी संस्था में प्रवेश से वंचित किया जाना।
7. रू. 25 हजार तक का जुर्माना।
8. जब रैगिंग का अपराध करने वाले व्यक्तियों को न पहचाना जाये तब सम्भावित रैगिंग कर्ताओं पर सामुदायिक दबाव बनाने हेतु संस्था सामूहिक दण्ड का प्रयोग करेगी।

नोटः छात्र/छात्रा एण्टी रैगिंग का फार्म भरकर आवेदन पत्र के साथ अवश्य जमा करा दें। एण्टी रैगिंग फार्म हेतु नीचे दिये गये लिंक पर क्लिक करें।

https://antiragging.in
National antiragging Helpline (UGC crisis hotline)
Toll free Number 1800-180-5522
(helpline@antiragging.in)

शपथ पत्र का प्रारूप

(छात्र/छात्रा द्वारा स्वयं ऑनलाइन भरा जायेगा)

1. मैं ..... पुत्र/पुत्री/श्री/श्रीमती ..... ने रैगिंग निषेध के विधि/उच्चतम न्यायालय तथा केन्द्रीय/राज्य सरकारों के इससे सम्बन्धित निर्देशों को भली भांति पढ़ लिया है तथा पूर्णतः समझ लिया है।

2. मैंने उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग रोकने से सम्बन्धित विश्वविद्यालय अनुदान, आयोग विनियम 2009 की एक प्रतिलिपि प्राप्त कर ली है तथा उसे ध्यान में पढ़ लिया है।

3. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता /करती हूँ–

☐ मैं ऐसे किसी कृत्य व्यवहार में सम्मिलित नहीं होऊंगा/होऊंगी जो रैगिंग की परिभाषा के अन्तर्गत आता हो।

☐ मैं किसी भी रूप में रैगिंग में लिप्त नहीं होऊंगा/होऊंगी तथा उसको प्रोत्साहित अथवा प्रचारित नहीं करूंगा/करूंगी।

☐ मैं किसी को भी शारीरिक अथवा मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं करूंगा/करूंगी अथवा अन्य कोई क्षति नहीं पहुंचाऊंगा/पहुंचाऊंगी।

हस्ताक्षर ..... दिन ..... माह ..... वर्ष .....

नाम व पता
हस्ताक्षर ओथ कमिश्नर

पाठ्येत्तर विकासोन्मुखी गतिविधियाँ

पुस्तकालय

महाविद्यालय में लगभग 11000 पुस्तकों का समृद्ध पुस्तकालय उपलब्ध है जो कि प्रातः 09:00 से सायं 04:00 बजे तक खुला रहता है। पुस्तकालय में हिन्दी, अंग्रेजी के सभी प्रमुख समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाती है। अनुशासन के दृष्टिकोण से पुस्तकालय में छात्र–छात्राओं के लिये अलग–अलग वाचनालय (रीडिंग रूम) की व्यवस्था की गई है। सभी छात्र–छात्राएं इस व्यवस्था का पालन करेंगे।

1. पुस्तकालय से पुस्तक प्राप्त करने के लिए छात्र–छात्राओं को पुस्तकालय कार्ड बनवाना आवश्यक है।
2. पुस्तकालय कार्ड प्राप्त करने के लिए प्रवेश प्राप्ति की रसीद तथा परिचय–पत्र पुस्तकालयाध्यक्ष / पुस्तकालय प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत करने होंगे।
3. प्रत्येक छात्र–छात्रा एक समय में प्राप्त पुस्तक अधिकतम 14 दिन तक अपने पास रख सकता है। तत्पश्चात् 5/– रूपये प्रतिदिन की दर से जुर्माना देना होगा। यदि पुस्तक वापसी के दिन अवकाश हो तो आगामी दिवस को निर्धारित वापसी का दिवस माना जायेगा।
4. पुस्तकालय संदर्भ ग्रंथ, पत्र–पत्रिकाओं एवं समाचार–पत्रों को पुस्तकालय से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं है।
5. पुस्तक खो जाने, फट जाने या नष्ट हो जाने की स्थिति में पुस्तकालयाध्यक्ष की संस्तुति पर प्राचार्य की अनुमति लेकर पुस्तक की नई प्रति अथवा उसकी वर्तमान कीमत डाक व्यय सहित जमा करनी होगी।
6. वापस की गयी पुस्तक उसी दिन वितरित नहीं की जायेगी।
7. परीक्षा प्रवेश पत्र लेने से पूर्व सभी पुस्तकें वापस कर पुस्तकालयाध्यक्ष से अदेय (नो–डॅयूज) प्रमाण–पत्र लेना होगा।
8. पुस्तकालय सम्बन्धी किसी भी मामले में पुस्तकालयाध्यक्ष तथा प्राचार्य का निर्णय अन्तिम होगा।

प्रयोगशाला

महाविद्यालय में प्रयोगात्मक कार्य के लिए सभी आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित सभी विषयों की प्रयोगशालाएं हैं। जहां पर विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक कार्य करने की सम्पूर्ण सुविधा प्राप्त है। प्रयोग करते समय छात्र–छात्राओं को उपकरणों तथा अन्य सामान का उपयोग सावधानी से करना चाहिए। समयानुसार प्रयोगशाला सहायक तथा तत्सम्बन्धी प्राध्यापक से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। लापरवाही से किये गये कार्य या प्राध्यापक की अनुमति के बिना प्रयोगशाला में प्रवेश दण्डनीय होगा। रासायनिक प्रयोगशाला में प्रयोगात्मक कार्यों के लिए प्रत्येक छात्र–छात्रा को गैस लैम्प

की सुविधा उपलब्ध है। प्रयोगशाला उपकरणों की हानि के लिए उत्तरदायी छात्र–छात्रा से उपकरण के मूल्य के समान धनराशि वसूल की जाएगी।

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.)

महाविद्यालय में ओपन केटेगरी में लड़के एवं लड़कियों के लिए एन.सी.सी. की यूनिटे उपलब्ध हैं। योग्यता के आधार पर छात्र – छात्राओं को प्रवेश दिया जाता है।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.)

महाविद्यालय में एन.एस.एस. की दो इकाई संचालित हैं। छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास में एन.एस.एस. महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दिन–रात का कैम्प करना अनिवार्य होगा।

रोवर्स/रेंजर्स

महाविद्यालय में हिन्दुस्तान स्काउट/गाइड के अन्तर्गत महाविद्यालय को रोवर्स/रेंजर्स की दो यूनिट की मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2020–2021 में पाँच दिवसीय (निपुण/प्रवीण) शिविर का आयोजन भी किया गया।

अनुशासन-समिति

महाविद्यालय में अनुशासन बनाएं रखने, विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देने अभिभावकों/संरक्षकों के साथ आवश्यक तालमेल की दृष्टि से अनुशासन–समिति अनुशासनात्मक गतिविधियों का संचालन करती है। समस्त विद्यार्थियों के परिचय–पत्र प्रभारी, अनुशासन समिति द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए तथा छात्र–छात्रायें परिचय–पत्र तैयार कर प्रॉक्टोरियल बोर्ड से पूरा कराकर हमेशा अपने साथ रखें।

एण्टी रैगिंग सेल

माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुपालन एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशों के अनुरूप महाविद्यालय में रैगिंग पूर्णतया प्रतिबन्धित है। माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रैगिंग को दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है। महाविद्यालय परिसर एवं छात्रावास में रैगिंग की गतिविधियों पर निगरानी एवं रोक लगाने हेतु एन्टी रैगिंग स्कवॉड का गठन किया गया है। प्रवेश के समय प्रत्येक छात्र–छात्रा वं अभिभावक/संरक्षक द्वारा अलग–अलग दस रूपये के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप के अनुसार शपथ–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

महिला सुरक्षा प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में प्रत्येक श्रेणी अर्थात् छात्राओं के रूप में तथा कर्मचारी के रूप में महिलायें कार्यरत है। माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशों अनुपालन में महाविद्यालय में स्वस्थ परिवेश के निर्माण हेतु तथा महिला उत्पीड़न निवारण समिति गठित है। जिसका प्रयत्न ऐसे वातावरण का निर्माण करना है, जिसमें प्रत्येक शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी पूर्ण रूप से

मानसिक तनाव से मुक्त होकर अपना कार्य कर सकें। महाविद्यालय परिसर में अन्य किसी को भी उत्पीड़न महसूस हो तो वह इस समिति को सूचित कर सकता/सकती है।

खेल-कूद समिति

छात्र–छात्राओं के नैतिक तथा बौद्धिक विकास के लिए खेल–कूद आवश्यक है इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कॉलेज में खेल–कूद संचालित करने के लिए एक समिति गठित की गई है जो खेलकूद सम्बन्धी आवश्यकताएं पूरा कराती है। हर प्रकार के खेल का अभ्यास व संचालन खेल समिति के माध्यम से वर्ष भर होता है। कुशल खिलाड़ियों को प्रमाण–पत्र तथा पारितोषिक दिए जाते हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति

छात्र–छात्राओं के नैतिक तथा बौद्धिक विकास के लिए वाद–विवाद, निबन्ध प्रतियोगिता, कविता तथा काव्य पाठ आदि में सभी को समान अवसर प्रदान किये जाते हैं। समिति छात्र/छात्राओं की आन्तरिक प्रतिभाओं को उभारने के लिए कृत संकल्प है। छात्र–छात्राओं को प्रतिभा प्रदर्शन एवं छात्र/छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए यथासम्भव सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है।

शिक्षक अभिभावक संघ

महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के बहुमुखी विकास हेतु छात्र–छात्राओं के अभिभावकों को सम्मिलित करते हुए एक संघ का गठन किया गया है ताकि छात्र–छात्राओं के भविष्य को लेकर अभिभावकों की अपेक्षा के अनुसार छात्र–छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग की जा सके। संघ का उद्देश्य छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकों की शैक्षिक समस्याओं का समाधान करना भी है।

छात्र कल्याण समिति

छात्र–छात्राओं की समस्याओं के समाधान एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय में छात्र कल्याण समिति कार्यरत है इससे विद्यार्थी रोजगार जिज्ञासा, आर्थिक सहायता व अन्य आवश्यक मार्ग–निर्देशन प्राप्त कर लाभान्वित होते है।

डिस्पेंसरी

महाविद्यालय में सत्र 2017–18 से डिस्पेंसरी भी आरम्भ की गई है। डिस्पेंसरी में प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित सभी उपकरण एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध है। डिस्पेंसरी के माध्यम से शिक्षकों, कार्मिकों एंव छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच भी की जाती है।

महाविद्यालय पत्रिका

महाविद्यालय पत्रिका 'चमन संदेश' का प्रकाशन प्रति वर्ष किया जाता है,जिससे छात्र–छात्राओं की लेखन प्रतिभा एवं आत्माभिव्यक्ति को प्रोत्साहन मिलता है।

कम्प्यूटर लैब

वर्तमान में कम्प्यूटर आधारित अध्ययन का महत्व दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है एवं जीवन के हर क्षेत्र में इसकी उपयोगिता महसूस की जा रही है। महाविद्यालय में इंटरनेट कनेक्शन सहित सुसज्जित कम्प्यूटर प्रयोगशाला स्थापित की गयी है। समयानुसार कम्प्यूटर लैब सहायक तथा तत्सम्बन्धी प्राध्यापक से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर छात्र–छात्राएँ प्रयोगशाला में प्रवेश करें।

आन्तरिक गुणवत्ता संवर्द्धन प्रकोष्ठ (IQAC)

महाविद्यालय में आन्तरिक गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए मार्गदर्शन, सुझाव, नियोजन, क्रियान्वयन एवं निगरानी के उद्देश्य से इस प्रकोष्ठ का गठन किया गया। है यह प्रकोष्ठ वर्ष 2019–20 से क्रियाशील है।

इतिहास की छात्रवृत्तियाँ

महाविद्यालय द्वारा उत्तराखण्ड के मूल निवासी विद्यार्थियों को निम्न प्रकार छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है -

अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ी जाति/अल्पसंख्यक/विकलांग छात्र–छात्राओं को समाज कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है। समय–समय पर शासनादेशों के अनुसार ही उक्त छात्रवृत्तियों का वितरण किया जाता है। इसके लिए विद्यार्थियों को निर्धारित आवेदन–पत्र पर वांछित प्रमाण–पत्रों सहित सभी आवश्यक औपचारिकताएँ पूर्ण करनी पड़ती है। छात्रवृत्ति सम्बंधी निर्देशों को नोटिस बोर्ड पर अंकित किया जाता है। लाभान्वित होने पर विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे इन निर्देशों की जानकारी रखें। आरक्षित वर्ग से इतर मेधावी छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। आर्थिक रुप से निर्धन छात्र/छात्राओं हेतु महाविद्यालय में निर्धन छात्रवृति का प्रावधान है।

निर्धन छात्र कोष

निर्धन छात्र कोष से प्रति वर्ष छात्रों को आर्थिक सहायता नियमानुसार वितरित की जाती है। इच्छुक छात्र/छात्रा नोटिस बोर्ड पर लगी सूचना के अनुसार आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन कर सकते/सकती हैं।

प्रवेश नियम

1. स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल द्वारा निर्देशित प्रवेश प्रक्रिया के अनुसार अर्ह छात्र–छात्राओं को योग्यता सूची अथवा प्रथम आओ–प्रथम पाओ के आधार पर दिया जाता है।
2. विज्ञान संकाय में प्रवेश के लिए मान्य परीक्षा में 45 प्रतिशत अंक तथा कला एवं वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए मान्य परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक आवश्यक है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु प्रवेश अर्हता में 5 प्रतिशत अंकों की छूट देय होगी। परन्तु उदाहरणार्थ 39.90 प्रतिशत एवं 44.90 प्रतिशत अंकों को क्रमशः 40 प्रतिशत एवं 45 प्रतिशत नहीं माना जायेगा।
3. अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़े वर्ग के प्रवेशार्थियों को आरक्षण की सुविधा उत्तराखण्ड शासनादेश संख्या–1144/कार्मिक–2–2001–53 (1)/2001 द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार अनुमन्य होगी जो इस प्रकार है–

   अनुसूचित जाति 19 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 4 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़े वर्ग 14 प्रतिशत। इसके अतिरिक्त उपरोक्त श्रेणियों एवं सामान्य श्रेणी के प्रवेशार्थियों में निम्न प्रकार से होरीजेन्टल आरक्षण देय होगा। महिलायें 30 प्रतिशत, भूतपूर्व सैनिक 5 प्रतिशत, विकलांग 4 प्रतिशत, ई.डब्ल्यू.एस. 10 प्रतिशत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित 2 प्रतिशत।

   उत्तराखण्ड प्रदेश के अभ्यर्थियों के लिए प्रत्येक कक्षा में 90 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेंगे। प्रदेश के बाहर के अभ्यर्थियों को अधिकतम 10 प्रतिशत स्थानों पर ही प्रवेश मिल सकेगा। उत्तराखण्ड से बाहर की सीट रिक्त रहने की स्थिति में उत्तराखण्ड के अभ्यर्थियों को नियमानुसार सूची के आधार पर प्रवेश दिया जा सकता है।

   विकलांग अभ्यर्थी को सम्बन्धित जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर अभ्यर्थी जिस श्रेणी में आता है उसी श्रेणी में 4 प्रतिशत का आरक्षण देय होगा। आरक्षित सीटों पर प्रवेशार्थी उपलब्ध न होने पर सीटों को सामान्य श्रेणी से भरा जा सकेगा।

4. अभ्यर्थी अपने पंजीकरण आवेदन पत्र/प्रवेश आवेदन–पत्र के साथ सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतिलिपियों सहित पिछली/अर्ह कक्षा की उत्तीर्ण अंक तालिका अनिवार्य रूप से संलग्न करेगा।
5. नये विद्यार्थी को प्रवेश के समय जिस संस्थान में अध्ययन किया है उस संस्थान द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र एवं स्थानान्तरण/माइग्रेशन प्रमाण–पत्र मूल रूप से जमा करना आवश्यक है।
6. अपूर्ण आवेदन पत्र तथा वांछित प्रमाण–पत्रों के अभाव में या निर्धारित समय के बाद जमा किये गये पंजीकरण आवेदन–पत्र / प्रवेश आवेदन–पत्रों पर प्रवेश के लिए विचार नहीं किया जायेगा।
7. आरक्षण का लाभ पाने वाले छात्र/छात्राओं को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
8. शासकीय या अन्य संस्थाओं में सेवारत अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए अपने सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र जमा करना अनिवार्य है।
9. पंजीकरण आवेदन पत्र/प्रवेश आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी को नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो यथा स्थान पर चिपकाना आवश्यक है।

10. विश्वविद्यालय / महाविद्यालय को बिना कोई कारण दिये प्रवेश न देने / निरस्त करने का अधिकार होगा।
11. उत्तराखण्ड प्रदेश के अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय अपना पुलिस सत्यापन प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
12. जिन छात्र / छात्राओं की गतिविधियों नियन्ता मण्डल / प्रशासन की राय में अवांछनीय हैं, उनका प्रवेश निरस्त किया जा सकता है। न्यायालय द्वारा दण्डित अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
13. छात्र / छात्राओं को स्नातक स्तर पर 6 वर्ष तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 4 वर्ष तक ही संस्थागत विद्यार्थी के रूप में अध्ययन करने की सुविधा रहेगी।
14. राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय से (10+2) इण्टरमीडिएट पांच विषय सहित उत्तीर्ण छात्र / छात्रा स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अर्ह हैं।
16. प्रवेश की अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन–पत्र स्वतः निरस्त समझे जायेंगे।
17. संस्थागत विद्यार्थी एक ही सत्र में अन्य किसी शिक्षण संस्थान में प्रवेश नहीं लेगा और न ही अन्य उपाधि हेतु परीक्षा में सम्मिलित होगा। यदि कोई छात्र / छात्रा इस नियम का उल्लंघन कर परीक्षा में सम्मिलित होता है तो विश्वविद्यालय द्वारा उसकी परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी।
18. युद्ध में वीरगति प्राप्त सैनिकों के आश्रितों (पुत्र / पुत्री, पत्नी, भाई / बहिन)को यदि वे अर्ह हो तो स्नातक स्तर पर ऐसे सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा।
19. स्नातक स्तर पर प्रवेश योग्यता सूची के आधार पर दिया जायेगा। योग्यता सूची इण्टरमीडिएट / समकक्ष अर्ह परीक्षा के प्राप्तांकों के प्रतिशत एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अतिरिक्त (अधिभार) जोड़कर अंतिम योग्यता सूची बनाकर प्रवेश दिया जायेगा।
20. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी अर्ह परीक्षा में प्राप्तांक ग्रेड या सी.जी.पी.ए. में है, मेरिट निर्धारण हेतु प्राप्तांक को प्रतिशत में परिवर्तित करने हेतु यदि अंक पत्र में सूत्र उल्लेखित नहीं है तो सूत्र की सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपि अवश्य संलग्न करें। अन्यथा की स्थिति में आवेदन पत्र स्वतः निरस्त समझा जायेगा।
21. महाविद्यालय में रैगिंग पूर्णतः प्रतिबन्धित है। प्रवेश के समय छात्र / छात्रा एवं अभिभावक / संरक्षक द्वारा अलग–अलग दस रूपये के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप के अनुसार शपथ–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। शपथ–पत्र प्रस्तुत न करने पर प्रवेश सम्भव नहीं होगा।
22. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमानुसार अभ्यर्थियों के सत्यापित प्रमाण–पत्रों पर ही प्रवेश समिति द्वारा विचार किया जायेगा। गलत प्रवेश होने पर प्रवेश समिति भी उत्तरदायी होगी।
23. प्रवेश के समय अभ्यर्थी को प्रवेश समिति के समक्ष मूल प्रमाण–पत्रों सहित स्वयं उपस्थित होना होगा ताकि उसके छायाचित्र एवं प्रमाण–पत्रों का सत्यापन किया जा सके।
24. प्रवेश के समय अभ्यर्थी को पूर्ण शुल्क जमा करना होगा।
25. स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए महाविद्यालय / संकाय में प्राचार्य प्रवेश समितियों का गठन करेंगे। जो अलग–अलग संकायों में प्रवेश संबंधी कार्यों का दायित्व पूर्ण करेंगे। तत्संबंधी संकायों में प्रवेश के लिए उक्त समिति और प्राचार्य / संकायाध्यक्ष का निर्णय अन्तिम होगा।
26. माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय तथा भारत सरकार के आदेश के अनुपालन में स्नातक कक्षाओं में पर्यावरण अध्ययन अनिवार्य विषय के रूप में प्रारम्भ किया जा चुका है। स्नातक द्वितीय वर्ष के अभ्यर्थी अन्य तीन विषयों के साथ पर्यावरण विषय का अध्ययन भी करेंगे, जो कि उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
27. संकाय अथवा विषय बदलकर उसी कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा जिसकी परीक्षा छात्र एक बार उत्तीर्ण कर चुका हो अर्थात् एक संकाय की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् उसी कक्षा / दूसरे संकाय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। उदाहरणार्थ – यदि किसी छात्र ने एम.ए. अर्थशास्त्र उत्तीर्ण कर लिया हो तो उसे कला संकाय के किसी अन्य विषय में प्रवेश नहीं दिया जायेगा और न ही वह किसी संकाय ही समकक्ष कक्षा में प्रवेश ले सकता है।

28. अनुचित साधन के अन्तर्गत दण्डित छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
29. यदि किसी छात्र ने बी.कॉम/बी.ए. प्रथम वर्ष की परीक्षा व्यक्तिगत रूप से उत्तीर्ण की है और द्वितीय वर्ष में संस्थागत रूप में प्रवेश लेना चाहता है तो उसके लिए बी.कॉम./ बी.ए. प्रथम वर्ष में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। इसी प्रकार एम. कॉम./ एम.ए. के लिए भी व्यक्तिगत 40 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है एवं विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त करने के पश्चात् ही प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

प्रवेश परीक्षा आयोजित किये जाने की स्थिति में निम्न व्यवस्था लागू होगी।

30. (क) प्रवेश परीक्षा प्राप्तांक का 60 प्रतिशत तथा इण्टरमीडिएट/समकक्ष अर्ह परीक्षा के प्राप्तांको का 40 प्रतिशत इस प्रतिबंध के साथ दिया जाये कि उत्तराखण्ड बोर्ड से उत्तीर्ण छात्रों के प्राप्तांको में 5 अंकों की वृद्धि कर योग्यता सूची बनाई जायेगी। (ख) प्रवेश परीक्षा का आयोजन ना होने की स्थिति में योग्यता सूची के आधार पर प्रवेश दिये जायेंगे। योग्यता सूची इण्टरमीडिएट/समकक्ष अर्ह परीक्षा के प्राप्तांको के प्रतिशत के आधार पर बनाई जायेगी तथा उत्तराखण्ड बोर्ड से उत्तीर्ण छात्रों के प्राप्तांकों के प्रतिशत में 5 अंकों की वृद्धि कर योग्यता सूची बनाई जायेगी।
31. (क) गढ़वाल मण्डल में इण्टरमीडिएट / समकक्षीय परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को 5 अंक देय होंगे। (ख) राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों को क्रमशः 5 तथा 7 अंक अतिरिक्त देय होंगे।
32. केवल वे छात्र भूगोल का अध्ययन कर सकते हैं जिन्होंने इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा भूगोल के साथ अथवा विज्ञान संवर्ग के साथ उत्तीर्ण की हो।
33. केवल वे छात्र गणित का अध्ययन कर सकते हैं जिन्होंने इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा कला अथवा विज्ञान वर्गान्तर्गत गणित विषय के साथ उत्तीर्ण की हो।
34. शैक्षिक कैलेण्डर सभी महाविद्यालयों/ संस्थानों पर एक समान रूप से लागू होगा।
35. प्रवेश की अन्तिम तिथि तक यदि (10+2) कम्पार्टमेंट का परिणाम घोषित होता है तो ऐसे अभ्यर्थियों को भी प्रवेश दिया जा सकता है, बशर्ते कि उन्होंने निर्धारित तिथि तक प्रवेश आवेदन पत्र जमा कर दिये हो।
36. अन्य महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा द्वितीय/तृतीय वर्ष में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय की अनुमति आवश्यक है।
37. छात्र/छात्रा जिस जाति/वर्ग में प्रवेश लेना चाहता है उस जाति/वर्ग का प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करना होगा अन्यथा प्रवेश सामान्य वर्ग में माना जायेगा।
38. यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा कोई प्रमाण पत्र जमा करने के लिए समय की मांग करता है तो समयबद्ध प्रमाण पत्र जमा करना उसका स्वयं का उत्तरदायित्व होगा अन्यथा की स्थिति में प्रवेश निरस्त माना जायेगा।
39. यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा अन्तिम परीक्षा दो वर्ष से अधिक होगी तो बिना विश्वविद्यालय अनुमति के प्रवेश देना सम्भव नहीं होगा।
40. छात्र–छात्राओं को 75 प्रतिशत उपस्थिति शासनादेश संख्या 52 (1) 15–(उ.शि.) 71/97/दिनांक 11 जून 1987 के अनुसार पूर्ण करनी होगी।
41. किसी भी अभ्यर्थी को आन्तरिक परीक्षा छूटने पर अलग से परीक्षा नहीं ली जायेगी।
42. परीक्षाफल घोषित होने के 20 दिनों के अन्तराल पर प्रवेश अनिवार्य है। अन्यथा विलम्ब शुल्क देय होगा।
43. टी.सी. और सी.सी. प्राप्त करने के लिए क्रमशः 50 रुपये तथा फीस एवं परिचय पत्र की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु 75 रुपये देय होंगे।
44. छात्र/छात्रा प्रवेश विवरणिका के नियमों का अध्ययन करें एवं गंभीरतापूर्ण विचार–विमर्श कर विषय का चयन करें। एक बार विषय चुनने के उपरांत किसी प्रकार का विषय परिवर्तन नहीं होगा।

नई शिक्षा नीति के निर्देश

उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्देशित एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नवीन पाठ्यक्रम संरचना एवं न्यूनतम समान पाठ्यक्रमों को वर्तमान सत्र 2022–23 से लागू करने हेतु सामान्य दिशा–निर्देश

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के अनुरूप न्यूनतम समान पाठ्यक्रम शैक्षिसक यत्र 2022–23 से लागू किए जाने के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–1196/XXIV-C-4/2021-01(06)/2019, दिनांक 08 अक्टूबर 2021 के क्रम में श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के परिसर एवं समस्त संबद्ध महाविद्यालयों हेतु जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप प्रस्तावित प्रारूप पर श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति जी द्वारा गठित समिति द्वारा शैक्षिक सत्र 2022–23 के लिए स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश एवं अन्य संबंधित विषयगत बिन्दुओं के सन्दर्भ में दिशा–निर्देश प्रस्तावित किये जा रहे हैं। सामयिक आवश्यकता तथा शासकीय निर्देशों के अनुसार भविष्य में इस दिशा–निर्देश का संशोधित प्रारूप भी जारी किया जा सकता है अथवा किसी मामले में अलग से अधिसूचना जारी की जा सकती है।

विश्वविद्यालय परिसर तथा क्षेत्रान्तर्गत आने वाले महाविद्यालयों/संस्थानों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनरूप तैयार न्यूनतम समान पाठ्यक्रम को निम्नानुसार लागू करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेंगे :

- तीन विषय वाले सभी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों (बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम.आदि) में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (CBCS) आधारित नवीन पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2022–23 से लागू होगा।
- स्नातक (शोध सहित) बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम.आदि एवं स्नाक पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों मे च्वाइस बेस्ट क्रेडिट सिस्टम (CBCS) आधारित नवीन पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2023–24 से लागू होगा।
- बी.ए. आनर्स, बी.एस.सी. आनस, बी.कॉम. आनर्स इत्यादि एवं अन्य एकल विषय स्नातक कार्यक्रमों में च्वाइस बेस्ट क्रेडिट सिस्टम (CBCS) आधारित नवीन पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2023–24 से लागू होगा।
- पी.एच.डी. कार्यक्रमों में नवीन व्यवस्था शैक्षणिक सत्र 2024–25 से लागू होगी।
- स्नातक/स्नातकोत्तर के समस्त पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 तक प्रवेशित छात्रों पर उनके उपाधि प्राप्त करने तक यह नए नियम लागू नहीं होंगे अर्थात पूर्व में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर यह दिशा–निर्देश प्रभावी नहीं होंगे। महाविद्यालयों में पूर्व से संचालित स्नातक स्तर पर वार्षिक पद्धति तथा परिसर में संचालित सेमेस्टर पद्धति के अंतर्गत अध्यापन और परीक्षा पूर्ववत् ही संपादित होगी।

2. पाठ्यक्रम

स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के लिए 46 संचित क्रेडिट के सापेक्ष तीन प्रमुख/मेजर विषय (दो कोर एवं एक इलेक्टिव) एक माइनर इलेक्टिव पेपर, दो सह–पाठ्यक्रम एवं दो व्यवसायिक पाठ्यक्रम होंगे, जिसे उत्तीर्ण करने पर Certificate in Faculty प्रदान किया जायेगा।

द्वितीय वर्ष 92 क्रेडिट संचित के सापेक्ष द्वितीय वर्ष में तीन प्रमुख/मेजर विषय (दो कोर एव एक

इलेक्टिव) विषय, एक माइनर इलेक्टिव पेपर, दो सह–पाठ्यक्रम तथा दो व्यवसायिक पाठ्यक्रम होंगे, जिसे उत्तीर्ण करने पर Diplom a in Faculty प्रदान किया जायेगा।

तृतीय वर्ष तक 132 संचित क्रेडिट के सापेक्ष इस वर्ष में दो प्रमुख / मेजर विषय (दो कोर एवं एक इलेक्टिव) विषय, दो सह–पाठ्यक्रम तथा दो माइनर रिसर्च प्रोजेक्ट होंगे, जिसे उत्तीर्ण करने पर Bachelor in Faculty की उपाधि प्रदान की जायेगी।

विद्यार्थी को सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण करने पर सर्टिफिकेट के साथ निकास तथा दो वर्ष पूर्ण करने पर डिप्लोमा के साथ निकास की सुविधा उपलब्ध होगी। विद्यार्थी को निर्गत प्रमाण पत्र अथवा डिप्लोमा पर उनके द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त रोजगार परक पाठ्यक्रम का स्पष्ट उल्लेख किया जाएगा। विद्यार्थी को सफलतापूर्वक तीन वर्ष पूर्ण करने पर ही स्नातक की उपाधि प्राप्त होगी। विद्यार्थी निकास के पश्चात् अगले स्तर पर पुनः प्रवेश ले सकेगा किन्तु प्रवेश लेने पर उसे अपना सर्टिफिकेट / डिप्लोमा विश्वविद्यालय में जमा करना होगा। साथ ही पूर्व पात्रता के आधार पर विद्यार्थी को द्वितीय वर्ष में विषय परिवर्तन की सुविधा उपलब्ध होगी।

विद्यार्थी संकाय में सफलतापूर्वक तीन वर्ष पूर्ण करने पर न्यूनतम 60% क्रेडिट प्राप्त करेगा, उसी में उसे स्नातक की उपाधि प्रदान की जाएगी। यदि कोई विद्यार्थी तीन वर्ष में किसी एक संकाय में न्यूनतम 60% क्रेडिट प्राप्त नहीं कर पाता है तो उसे बैचलर ऑफ लिबरल एजुकेशन की उपाधि दी जाएगी तथा वह उन विषयों में स्नातकोत्तर कर सकेगा जिसमें स्नातक स्तर पर किसी भी विषय के पूर्व पात्रता की आवश्यक शर्त नहीं होगी।

3. नई शिक्षा नीति में प्रवेश के नियम

सर्वप्रथम विद्यार्थी परिसर / महाविद्यालय में अपने संकाय का चुनाव स्नातक स्तर पर अपने प्रवेश पर ही करेगा। परिसर / महाविद्यालय उपलब्ध सीटों के आधार पर विद्यार्थी को संबंधित संकाय में प्रवेश दे सकेंगे। प्रवेश, अर्हता परीक्षा में कुल प्राप्तांक प्रतिशत तथा अन्य निर्धारित मानकों के आधार पर तैयार की गई योग्यताक्रम सूची के अनुसार अभिलेखों की उचित जाँच पड़ताल कर परिसर / महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा किये जायेंगे।

स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु विषय वर्ग / संकाय के लिए पूर्व पात्रता (Pre-requisite)

विज्ञान वर्ग के विषयों से इंटरमीडिएट करने वाला छात्र स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय, कला संकाय, वाणिज्य संकाय तथा कृषि संकाय के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त करने के लिए पात्र होगा।

कला वर्ग के विषयों से इंटरमीडिएट करने वाला छात्र स्नातक स्तर पर कला संकाय एवं वाणिज्य संकाय के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त करने के योग्य होगा।

वाणिज्य वर्ग के विषयों से इंटरमीडिएट करने वाला छात्र स्नातक स्तर पर वाणिज्य संकाय अथवा कला संकाय के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त करने के लिए पात्र होगा।

कृषि वर्ग के विषयों से इंटरमीडिएट करने वाला छात्र स्नातक स्तर पर कृषि संकाय तथा कला संकाय के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त करने के लिए पात्र होगा।

व्यवसायिक वर्ग के विषयों से इंटरमीडिएट करने वाला छात्र स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत प्राप्त करने के लिए पात्र होगा।

मुख्य (Major) विषय तथा गौण चयनित (Minor Elective) पेपर

- विद्यार्थी को प्रवेश के समय एक संकाय (कला, विज्ञान, वाणिज्य आदि) का चुनाव करना होगा और उसे उस संकाय के दो मुख्य (Major) विषयों का चुनाव करना होगा। यह संकाय विद्यार्थी का अपना संकाय (Own faculty) कहलायेगा जिसका अध्ययन वह तीन वर्ष (प्रथम से छठे सेमेस्टर) तक कर सकता है।
- तीसरे मुख्य (Major) विषय का चुनाव विद्यार्थी किसी भी संकाय (अपने संकाय सहित) से कर सकता है।
- विद्यार्थी द्वितीय/तृतीय वर्ष में मुख्य विषय बदल सकता है अथवा उनके क्रम में परिवर्तन कर सकता है।
- विद्यार्थी को विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में विषयों की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार विषय परिवर्तन की सुविधा होगी, परन्तु वह एक वर्ष के बाद ही विषय परिवर्तित कर सकता है, एक सेमेस्टर के बाद नहीं।
- माइनर इलेक्टिव कोर्स किसी भी विषय में 4 क्रेडिट का होगा।
- मेजर/माइनर इलेक्टिव विषय विद्यार्थी को किसी भी संकाय से लेना होगा और इसके लिए किसी भी Pre-requisite की आवश्यकता नहीं होगी।
- बहुविषयकता सुनिश्चित करने के लिए स्नातक स्तर पर माइनर इलेक्टिव विषय सभी विद्यार्थियों को किसी भी चौथे विषय (उसके द्वारा लिये गये तीन मुख्य विषयों के अतिरिक्त) लेना होगा।
- तीसरे मुख्य (मेजर) इलेक्टिव विषय तथा माइनर इलेक्टिव विषयों का चयन विद्यार्थी द्वारा इस प्रकार किया जायेगा कि इनमें से कम से कम एक अनिवार्यतः अपने संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय से हो।

  किसी संस्था में एक ही संकाय की स्थिति में अथवा संस्थान के स्तर पर अपने संस्थान के अन्य विभाग से लिया जा सकता है। माइनर इलेक्टिव कोर्स ऑनलाइन माध्यम से भी पूरा किया जा सकता है।
- स्नातकोत्तर स्तर (प्रथम वर्ष) पर माइनर इलेक्टिव पेपर चुनाव अन्य संकाय से करना होगां
- विद्यार्थी को प्रथम, द्वितीय वर्ष (स्नातक) एवं चतुर्थ वर्ष (स्नातकोत्तर) में माइनर इलेक्टिव विषय (एक माइनर विषय/पेपर/प्रति वर्ष) लेना अनिवार्य होगा। विश्वविद्यालय महाविद्यालय उपलब्ध सीटों के आधार पर माइनर विषय को आबंटित कर सकता है। तृतीय, पाँचवे एव छठवें वर्ष में माइनर इलेक्टिव पेपर अनिवार्य नहीं होगा।
- विद्यार्थी अपनी सुविधा से सम अथवा विषम सेमेस्टर में उपलब्ध माइनर इलेक्टिव विषय का चुनाव कर सकता है।
- माइनर इलेक्टिव विषय क ाचुनाव संस्थान में संचालित विषयों के अनुरूप किया जायेगा। चुने हुए माइनर विषय/पेपर की कक्षायें फैकल्टी में संचालित उसी कोर्स की कक्षाओं के साथ होगी तथा उसकी परीक्षा भी उसी के साथ संचालित की जायेगी।

4. नई शिक्षा नीति के प्रावधान (P.G.)

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के अनुरूप विश्वविद्यालय व्यवस्था के दृष्टिगत संचालित कला संकाय के विषयों को तीन समूहों (समूह अ, समूह ब तथा समूह स) में विभाजित करते हुए इनके चयन संबंधी निर्देश निम्नवत् प्रस्तुत किए जा रहे हैं। प्रारंभिक रूप से यह नियम सत्र 2023–24 हेतु प्रभावी होंगे। आगामी सत्रों से इन नियमों को आवश्यकता अनुसार परिवर्तित किया जा सकता है। नियम परिवर्तन की दिशा में पृथक से अधिसूचना जारी की जाएगी।

समूह अ	समूह ब	समूह स
Hindi	Drawing and Painting	Economics
English	Home Science	History
Sanskrit	Education	Political Science
	Geography	Philosphy
	Music	Sociology
	Psychology	
	Military & Defence Studies	
	Anthropology	

प्रत्येक विद्यार्थी कला संकाय के अंतर्गत स्नातक स्तर पर प्रथम सेमेस्टर में न्यूनतम दो और अधिकतम तीन प्रमुख / मेजर (02 कोर व एक 01 इलेक्टिव) विषयों का चयन कर सकता है। सामान्य रूप से प्रथम सेमेस्टर में चयनित विषय का अध्ययन विद्यार्थी को द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में भी करना होगा।

किसी एक ही समूह के दो मेजर कोर लेने के पश्चात् मेजर इलेक्टिव अन्य समूह या अन्त संकाय से लिया जाएगा। विद्यार्थी किसी एक समूह से अधिकतम दो विषयों का ही चयन मेजर कोर के रूप में कर सकता है। किसी एक समूह से तीन प्रमुख/मेजर विषयों का चयन नहीं किया जाएगा। अतः विद्यार्थी दो से अधिक भाषा /साहित्य विषयों का चयन एक साथ नहीं करेगा व दो से अधिक प्रयोगात्मक विषयों का चयन एक साथ नहीं करेगा।

5. विज्ञान संकाय –

समान प्रक्रिया विज्ञान संकाय के विषयों के संदर्भ में भी अनुपालन करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विज्ञान संकाय के विषयों को तीन समूहों में विभाजित करते हुए विज्ञान संकाय में दो कोर प्रमुख / मेजर विषय का चयन समूह अ / समूह ब / समूह स से किया जा सकता है। 02 मेजर कोर विषय का चयन एक ही समूह से करने के पश्चात मेजर इलेक्टिव का चयन अन्य संकाय या अन्य समूह से किया जाएगा। इस प्रकार एक ही समूह से दो मेजर कोर व एक मेजर इलेक्टिव का चयन नहीं किया जा सकता।

समूह अ	समूह ब	समूह स
Physics	Botany	Chemistry
Mathematics	Zoology	Geology
	Biotechnology	Statistics
		Computer Science

6. वाणिज्य संकाय –

वाणिज्य संकाय के विषयों को तीन समूह में विभाजित किया गया है :

समूह अ	समूह ब	समूह स
Financial Accounting (Major Core own Faculty)	Business Regulatory Frame work (Major Core own Faculity)	Business Organization & Management
		Business Communication (Major Elective per own faculty/other faculty)

वाणिज्य संकाय में प्रवेशरत विद्यार्थी समूह अ, ब, स को मेजर कोर की तरह चयनित करेगा। विद्यार्थी दो मेजर कोर वाणिज्य संकाय से लेने के पश्चात् तीसरे मेजर इलेक्टिव का चयन वाणिज्य संकाय के समूह स से अथवा अन्य संकाय से कर सकता है।

7. कौशल विकास पाठ्यक्रम

